प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन, सदन में पेश होगा वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट ।
2. श्रावणी मेले की अंतिम सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुरक्षा और सेवा व्यवस्था चाक–चौबंद।
3. सरायकेला–खरसावां में तिरंगा यात्रा और घर–घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की तैयारी तेज, 10 से 14 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान।
4. मादक पदार्थ के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में गोड्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तस्करी करते दो युवक और एक नाबालिग गिरफ्तार, मामले की जांच शुरू।
5. मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, तेज हवाओं और वज्रपात की चेतावनी, किसानों को खेतों में न जाने की दी गई सलाह।

*****************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। आज सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। मानसून सत्र 7 अगस्त तक चलेगा।

*****************

श्रावणी मेला अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है और आज आखिरी सोमवारी को भक्तों की भारी भीड़ बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ पड़ी है। सुबह 4 बज कर 10 मिनट पर मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण की प्रक्रिया शुरू हो गई और आज करीब चार लाख कांवरियों के पहुंचने की संभावना है। सुरक्षा, स्वास्थ्य और सेवा शिविरों की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन पूरी सजगता से कार्य में जुटे हैं।

*****************

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के आधुनिकीकरण, विस्तार और सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। वे कल गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडी को झंडी दिखाने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

*****************

सरायकेला–खरसावां में तिरंगा यात्रा और घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी सुबोध कुमार गुड्डू ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यकर्ताओं को अपने घरों और आस–पास तिरंगा फहराने और वितरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा नेता योगेन्द्र प्रताप ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को देश की ताकत का प्रतीक बताया और कहा कि भारत अब महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ रहा है।

*****************

जामताड़ा व्यवहार न्यायालय परिसर में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल एक्ट और साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीड़ितों के आश्रितों को मुआवजा राशि का चेक भी प्रदान किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण ने जानकारी दी कि इस कार्यशाला में पुलिस और न्यायिक पदाधिकारियों को संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई।

*****************

सरायकेला–खरसावां जिले में मानदेय भुगतान के बाद 108 एम्बुलेंस सेवा के सभी कर्मचारी कल शाम से फिर काम पर लौट आए हैं। गौरतलब है कि एक माह से मानदेय न मिलने के कारण 72 एम्बुलेंस चालक और ईएमटी शुक्रवार रात से सेवा में नहीं थे।

*****************

साहिबगंज सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में कल रामपुर दियारा, गरम टोला, हरप्रसाद और गरम घाट जैसे दूरस्थ और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बोट के माध्यम से पहुँची 26 स्वास्थ्य टीमों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, सिकल सेल, एनीमिया, मलेरिया जांच और उपचार तथा मुफ्त दवा वितरण शामिल था।

*****************

गढ़वा जिले में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत सम्मान समारोह और आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है।

*****************

लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र के भाट चतरा गांव में झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के उग्रवादियों ने बिजली कार्य में लगे चार मजदूरों की पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो खोखा बरामद किया और उग्रवादियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

*****************

मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के पास मादक पदार्थ की खरीद–बिक्री करते हुए पुलिस ने दो युवकों और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीओ ऋषि राज के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

*****************

मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और दुमका शामिल हैं। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और तीव्र वज्रपात की संभावना जताई गई है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में आज अनुपूरक बजट पेश होने और मंत्री रामदास सोरेन की हालत खराब होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति नाजुक ऑपरेशन पर आज हो सकता है फैसला।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है झारखंड विधानसभा में आज पेश होगा चार हजार करोड़ का अनुपूरक बजट, पांच विधेयक भी आंएगे, कोचिंग सेन्टर की मनमानी पर रोक लगेगी, गिग वर्कर्स के लिए कल्याण बोर्ड बनेगा।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं अग्निवीर भर्ती रैली का एडमिट कार्ड जारी।

दैनिक जागरण लिखता है पतरातू प्लांट की पहली यूनिट तैयार, 15 अगस्त के बाद से होगा बिजली उत्पादन।

*****************